शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध

संख्या– 2908 /9–8–2018–08केपीए(बजट)/2018

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **निदेशक,**
   नगरीय निकाय निदेशालय,
   उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. समस्त अधिशासी अधिकारी,
   नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद,
   उत्तर प्रदेश। **(द्वारा जिलाधिकारी)**

नगर विकास अनुभाग–8 लखनऊ :: दिनांक २५ सितम्बर, 2018

विषयः प्रदेश की नगर पंचायतों/नगर पालिका परिषदों में आवारा पशुओं के रख–रखाव हेतु कान्हा गौशाला/पशु शेल्टर होम्स की स्थापना किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

प्रदेश की नगरीय निकायों में कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के अन्तर्गत कान्हा गौशाला/पशु शेल्टर होम्स निर्माण किये जाने हेतु शासनादेश संख्या–05/2017/4651/नौ–8–2017–21ज/2016 दिनांक 20 सितम्बर, 2017 द्वारा कान्हा गौशाला/पशु शेल्टर होम्स का निर्माण किये जाने हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश निर्गत किये गये हैं। तत्क्रम में निकायों से कान्हा गौशाला/पशु शेल्टर होम्स का निर्माण किये जाने हेतु विभिन्न लागत की कार्ययोजनाएं प्राप्त हो रहीं है। निकायों से प्राप्त कार्ययोजनाओं की लागत में काफी भिन्नता रहती है एवं कार्ययोनजाओं में अनावश्यक कार्यो को भी सम्मिलित कर लिया गया है। अतः सम्यक विचारोपरांत प्रदेश की नागर निकायों में स्थापित की जाने वाली कान्हा गौशाला/पशु शेल्टर होम्स में एकरूपता लाये जाने के दृष्टिगत प्रत्येक निकाय में न्यूनतम 500 पशुओं को रखे जाने हेतु अधिकतम 165.89 लाख की कार्ययोजना का माडल प्रारूप कन्सट्रक्शन एवं डिजाइन सर्विसेज (सी0 एण्ड डी.एस.) से तैयार कराया गया है, जिसमें निम्न मूलभूत सुविधाओं का होना आवश्यक है :–

(1) चारा गौदाम।
(2) 500 पशुओं के लिए शेड।
(3) वेटनरी क्लीनिक विद कैटल क्रश।
(4) भूसा कटर शेड।
(5) सरवेन्ट क्वाटर।
(6) छोटे साइज के गेट।
(7) मेन गेट।
(8) चरही
(9) नाली निर्माण कार्य।
(10) समरसेवुल पम्प
(11) बायोगैस प्लान्ट (45 CUM WITH 5K.V.A.GENERATOR)
(12) बाउन्ड्रीवाल।

2– अतः कन्सट्रक्शन एवं डिजाइन सर्विसेज (सी0 एण्ड डी.एस.) द्वारा तैयार की गयी माडल कार्ययोजना के मानचित्र की प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया नगरीय निकायों में कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के अन्तर्गत न्यूनतम 500 पशुओं के रखे जाने हेतु अधिकतम रूपये 165.89 लाख की कार्ययोजना/प्रस्ताव तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर 07 दिन के अन्दर शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,
Manoj 22-9-18
(मनोज कुमार सिंह)
प्रमुख सचिव।



Project Manager (Technical)
Construction & Design Services
Jal Nigam, Lucknow

Resident Engineer (Tech.)
C. & D. S., U.P. Jal Nigam
Lucknow

OJECT:	AGENCY:	DRG. TITLE: LAYOUT	DRG. NO.	DEALT BY:	ARCHITECT:
PROPOSED 500 COW'S (KHNHA GAUSHALA) AT DIFFERENT PLACES IN(U.P.)	**C&DS**	NORTH: / SCALE:	DATE:		**DESIGN CENTRE** ARCHITECT, ENGINEERS & INT. DESIGN. B-4/55, VINAY KHAND, GOMTI NAGAR, LUCKNOW. PH: 4104592 MOB.: 9415020332